>

Title: Need to construct a bridge over Ghaghra river at Kamhariya Ghat in Uttar Pradesh.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): घाघरा नदी पर कमहरिया पर एक स्थाई पुल वहां के आसपास के लाखों जनता की वर्षों पुरानी मांग है। महोदय, इस मांग को मैं संसद में कई बार उठा चुका हूं। इसके जवाब में कहा गया है कि वहां स्टीमर चलता है। परंतु स्टीमर तो दूर की बात है, मानसून के महीने में वहां नाव तक चलना खतरे से खाली नहीं है। चूंकि घाघरा नदी बरसात के महीने में इतनी भयावह हो जाती है कि करीब सात महीना यह रास्ता बंद पड़ा रहता है। महोदय, यहां अनेकों बार नाव से दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा इसमें कितने लोगों की जान चली गई है।

मेरा आग्रह है कि अतिशीघ्र एक स्थाई पुल के कमहरीया घाट पर निर्माण का आदेश करने का कष्ट करें।